E mail

म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/अंकें/स्था.नि/स.शु./17–18/ भोपाल, दिनांक /03/2021

प्रति,

संयुक्त संचालक/उपसंचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय समस्त.
....

विषयः–स्थानीय निधि संपरीक्षा शुल्क जमा करने बावत्।
संदर्भः–कार्यालयीन पत्र क्रमांक 3123 दिनांक 27.03.2019 एवं पत्र क्रमांक 1763 दिनांक 22.10.19.

––0––

विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों में स्थानीय निधि संपरीक्षा शुल्क जमा कराया जाना अवशेष था इस हेतु आपको संदर्भित पत्रों द्वारा अवशेष संपरीक्षा शुल्क जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया था किन्तुं संचालक स्थानीय निधि संपरीक्षा द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों पर राशि रूपये 2,41,01,157/– अवशेष है। जिसको मंडी समितियों द्वारा जमा कराया जाना है। अतः पत्र के साथ संभागवार मंडी समितियों पर अवशेष स्थानीय निधि संपरीक्षा शुल्क का विवरण संलग्न किया जा रहा है तदानुसार आपके अधीनस्थ संभाग की मंडी समितियों में अवशेष संपरीक्षा शुल्क का परीक्षण कराकर वास्तविक देय संपरीक्षा शुल्क तत्काल जमा कराने हेतु मंडी समितियों निर्देशित करें ।

स्थानीय निधि संपरीक्षा शुल्क का वास्तविक देय संपरीक्षा शुल्क परीक्षण उपरान्त दिनांक 30.04.2021 तक अनिवार्य रूप से जमा करा कर मंडी समितिवार चालान क्रमांक, दिनांक एवं राशि की जानकारी 05.05.21 तक अनिवार्य रूप से मुख्यालय को अवगत करावे।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

(दिनेश कुमार द्विवेदी)
अपर संचालक (वित्त)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल.

क्रमांक/बोर्ड/अंकें/स्था.नि/स.शु./17–18/3121 भोपाल, दिनांक 27/03/2021

प्रतिलिपिः–

1. संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, संचालनालय सतपुडा भवन, भोपाल की ओर सादर प्रेषित।
2. सचिव, कृषि उपज मंडी समिति समस्त की ओर निर्देशित किया जाता है कि पत्रानुसार अवशेष स्थानीय निधि संपरीक्षा शुल्क परीक्षण उपरान्त नियत तिथि तक अनिवार्य रूप से जमा कराकर आंचलिक कार्यालय को अवगत कराते हुये मुख्यालय को भी अवगत करावे। (E mail)

अपर संचालक (वित्त)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल